
आज़ादी का अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 20.12.2021 से 25.12.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र


## विधानसभा का शीतकालीन सत्र

(दिनांक 20.12.21)



**विषय: विधानसभा का शीतकालीन सत्र**

**प्रभाव:** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आज अंतिम दिन में माननीय मुख्यमंत्री जी ने विपक्ष द्वारा उठाये गए सभी सवालों और आरोपों का विस्तार से जवाब दिया। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने विपक्ष को भर्तियों को लेकर जनता को गुमराह न करने और युवाओं का भरोसा न तोड़ने की भी नसिहत दी।
माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा जी ने जिस व्हाट्सएप चैट को पढ़कर सरकार पर आरोप लगाया है उसे जाँच के लिए सरकार को देना चाहिए जिससे सच सामने आ सके लेकिन भूपेंद्र हुड्डा जी इसके लिए मना कर गए और उन्होंने चैट देने से इनकार कर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री जी ने शायराना अंदाज में भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा कि यदि कांच पर पारा चढ़ा दिया जाए तो दर्पण बन जाता है, अगर वही दर्पण दिखा दिया जाए तो पारा चढ़ जाता है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन करना सरकार का मुख्य लक्ष्य है। आम आदमी को आने वाली परेशानी को कैसे दूर किया जाए, इसको लेकर सरकार लगातार काम कर रही है। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने किसानों पर लगे केस वापस लेने की घोषणा भी की। माननीय मुख्यमंत्री जी ने सदन को इस बात से भी अवगत करवाया की विश्वविद्यालयों में नियुक्ति को लेकर कमेटी का गठन किया जायेगा और विश्वविद्यालयों में होने वाली भर्तियों में भी पारदर्शिता लाई जायेगी। इसके अलावा नम्बरदारों को न हटाने और माइक्रो इरिगेशन को बढ़ाने और अंत्योदय मेलो की जानकारी भी मुख्यमंत्री जी ने सदन के सामने रखी।
साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कर्मचारियों में महंगाई भत्ता 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 31 प्रतिशत करने की घोषणा भी सदन में की। इसके अलावा नए कर्मचारियों के लिए क्रियान्वित एनपीएस योजना का शेयर केंद्र सरकार की तर्ज पर 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने का निर्णय भी सरकार ने लिया है। जो कि 1 जनवरी 2022 से लागू किया जाएगा। सत्र के दौरान छरू विधेयक भी पारित किए गए। हरियाणा गठन के बाद पहली बार ऐसा हुआ है, जब विपक्ष द्वारा दो कार्यकाल के मुख्यमंत्री को सदन में सराहा गया। हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कड़वी बातों के बावजूद विपक्ष ने मुख्यमंत्री की ईमानदारी की तारीफ की ।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## सेवा संस्थान के टेली मेडिसिन कार्यक्रम की शुरुआत

(दिनांक 21.12.21)




**विषय: सेवा संस्थान के टेली मेडिसिन कार्यक्रम की शुरुआत।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज वेबिनार के माध्यम से आज 'सेवा इंटरनेशनल' नामक एनजीओ की फ्री ऑनलाइन डॉक्टर सर्विस 'साथ' को हरियाणा में लांच किया। इस सर्विस के माध्यम से राज्य का कोई भी व्यक्ति मोबाइल नंबर 079690700500 पर कॉल करके बीमारी से संबंधित डॉक्टरों से निरूशुल्क परामर्श ले सकता है। मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर 'सेवा इंटरनेशनल' द्वारा किए जा रहे सेवा–कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने भी कोविड–19 के दौरान मरीजों को ऑनलाइन डॉक्टरों से परामर्श दिलवाया था। यही नहीं कोविड के बाद भी मरीजों को सहायता दी गई।

इस अवसर पर वेबिनार के माध्यम से 'सेवा इंटरनेशनल' टीम के सदस्यों ने हरियाणा सरकार द्वारा कोविड–19 के दौरान किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने यह भी बताया कि 'सेवा इंटरनेशनल' द्वारा विश्व के 26 देशों में समाजसेवा का कार्य किया जा रहा है, उक्त फ्री ऑनलाइन डॉक्टर सर्विस 'साथ' भारत में चार राज्यों में चलाई जा रही है।


## प्रधानमंत्री जी द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव की बैठक

(दिनांक 22.12.21)



**विषय: प्रधानमंत्री जी द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव की बैठक।**

**प्रभाव:** आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर आज प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में दूसरी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में कई केंद्रीय मंत्री, प्रदेशों के मुख्यमंत्री व केन्द्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के अलावा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने भाग लिया। माननीय मुख्यमंत्री जी



# साप्ताहिक सूचना पत्र

भी वीडियो कॉन्फॉरेन्स के माध्यम से इस प्रोग्राम से जुड़े थे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान पूरे देश में 2023 तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से कहा कि वे नए संकल्पों के साथ सन् 2047 तक नए भारत के निर्माण को लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान दिए गए पांच मंत्र देश के प्रत्येक युवा के लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे।

उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों की कमेटी ऐसे रचनात्मक कार्य करें जो आजादी के दीवानों के प्रति कृतज्ञता को दर्शाए और उन्होंने आजादी का जो तोहफा हमें दिया है उसे संरक्षित और संभाल कर रख सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन विविधताओं से भरे कार्यक्रमों मे जनभागीदारी अवश्य सुनिष्चित हो।

ध्यान हो, अमृत महोत्सव के कार्यक्रम 12 मार्च 2021 से प्रधानमंत्री जी द्वारा दांडी यात्रा से शुरू किए गये और 6 अप्रैल 2021 को उपराष्ट्रपति की और से यह यात्रा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इसके अलावा प्रधानमंत्री जी ने कहा कि भारत की परंपरा संस्कृति और इतिहास के प्रदर्शन को लेकर 75 वर्ष का इतिहास और भविष्य में किए जाने वाले विकास को लेकर इस अमृत महोत्सव के दौरान पूरा विवरण जनता के समक्ष रखा जाए।

आजादी के अमृत महोत्सव पांच प्रमुख स्तंभों स्वतंत्रता संग्राम विजेता, विचार, संकल्प, उपलब्धियो और जनभागीदारी के साथ किया जाएगा।


## गुरु ब्रम्हानंद महिला महाविद्यालय में कन्या छात्रावास का शुभारंभ

(दिनांक 23.12.21)

**विषय: गुरु ब्रम्हानंद महिला महाविद्यालय में कन्या छात्रावास का शुभारंभ।**



**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री ने आज करनाल जिला के गांव अंजनथली में जगत गुरू ब्रम्हानंद कन्या महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित कन्या छात्रावास का उद्घाटन किया। जगत गुरु ब्रम्हानंद जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इसी महाविद्यालय में छात्राओं के लिए नर्सिंग कोर्स शुरू करने तथा ओलम्पिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के नाम पर 6 एकड़ में स्टेडियम बनाने को मंजूरी दी। उन्होंने कन्या महाविद्यालय अंजनथली के विकास के लिए 51 लाख रूपए की अनुदान राशि देने की घोषणा के साथ–साथ, अखिल



# साप्ताहिक सूचना पत्र

भारतीय रोड़ महासभा की मांग पर कन्या महाविद्यालय बसताड़ा का नाम जगत गुरू ब्रम्हानंद के नाम पर करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी अच्छे कार्य के लिए अपनी नेक कमाई में से कुछ न कुछ अंशदान करना हमारी प्राचीन परम्परा रही है, इसे देखते समाज के सम्पन्न लोगों को सामाजिक व शैक्षिक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए और ऐसे कार्यों के लिए स्वयं से शुरूआत करनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी के आह्वान पर मंच पर उपस्थित विधयकों और अन्य लोगो ने अपने एक महीने का वेतन कन्या महाविद्यालय के विकास के लिए देने की घोषणा की।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरू ब्रह्मानंद की 114वीं जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जगत गुरू ब्रम्हानंद नारी शिक्षा के प्रबल पक्षधर थे। वे त्याग व तपस्या के प्रतीक थे तथा धर्म व संस्कृति के प्रणेता थे। स्वामी ब्रम्हानंद एक कर्मयोगी व गौरक्षक थे तथा उन्होंने समाज सुधार विषय पर अनेक पुस्तकें व ग्रंथ लिखे और कार्य किए।


## नशा मुक्ति कार्यक्रम
**(दिनांक 23.12.21)**

**विषय: नशा मुक्ति कार्यक्रम।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय राज्यमंत्री श्री कौशल किशोर जी की उपस्थिति में करनाल में आयोजित नशा मुक्ति अभियान के तहत किये जा रहे कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हम सभी को नशा मुक्ति के लिए प्रयास करना चाहिए। सरकार लगातार नशा विरोधी मुहिम चला रही है। कार्यक्रम में पहुंचकर मुख्यमंत्री जी ने सबसे पहले नशा मुक्ति के लिए हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर किए। इसके बाद विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे की लत बेहद बुरी है। जो नशा करने लगता है, उसे सूझ–बूझ नहीं रहती। उसे संभालना पड़ता है। तरह–तरह का नशा करने से व्यक्ति को हानि होती है। वह स्वास्थ्य के साथ–साथ कैंसर जैसी बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। आयु कम हो जाती है। परिवार की जिम्मेदारी निभाने की बजाए वह कमाई को नशे में खर्च करने लगता है। परिवार से दूर हो जाता है। समाज की बदनामी होती है। आज हमें इस नशे की लत को दूर करने की जरुरत है। इसके खिलाफ समाज के हर वर्ग को नशा मुक्ति अभियान चलाया जाना चाहिए। युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करना चाहिए।

कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय राज्यमंत्री श्री कौशल किशोर जी जोकि आज देशभर में घूम–घूमकर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहे हैं और लोगों को नशामुक्ति का संकल्प दिला रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने उनके इस प्रयास की सराहना की।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नशे की विरोधी है। आज समाज में दो वर्ग हैं, एक वर्ग नशा करने वाला है और दूसरा नशे का विरोध करने वाला है। हमें निरंतर नशा मुक्ति के लिए प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया कि हम न नशा करेंगे, न इसको बढ़ावा देंगे और जो नशा करते हैं, उनकी आदत को भी सुधारेंगे।

## करनाल में भगवान बाल्मीकि भवन का उद्घाटन

(दिनांक 23.12.21)


**विषय: करनाल में भगवान बाल्मीकि भवन का उद्घाटन।**




**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज करनाल में भगवान वाल्मीकि भवन के प्रथम तल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि सर्व मानव समाज के पथ प्रदर्शक थे। वे सर्व समाज की चिंता करते थे। उन्होंने महान ग्रंथ रामायण की रचना की। भगवान राम के जीवन चरित्र को लिखा, जो पूरे समाज को प्रेरणा देते हैं।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज हर क्षेत्र में नई–नई तकनीक आ गई हैं। ऐसे में श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के माध्यम से ऐसा कोर्स शुरू करने के लिए कहा जाएगा, जिससे तकनीक के आधार पर सीवरेज की सफाई कैसे हो यह सिखाया जाए और इसकी ट्रेनिंग दी जाए।

मुख्यमंत्री जी ने इस कार्यक्रम के दौरान आह्वान किया कि जो भी लोग संपन्न हो जाएं, उन्हें अपने से गरीब लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए, ताकि दूसरे लोग भी आगे बढ़ सकें। उन्होंने वाल्मीकि भवन में छात्रावास बनाने के लिए अपने कोष से 21 लाख रुपये दिए जाने की घोषणा की। इसके साथ–साथ समाज के दूसरे लोगों को भी इस कार्य में अपना सहयोग देने की बात कही। मुख्यमंत्री ने इस भवन में ई–लाइब्रेरी बनाए जाने के भी आदेश दिए।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## सूरजकुंड मेले के आयोजन की समीक्षा

(दिनांक 24.12.21)



**विषय: सूरजकुंड मेले के आयोजन की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हर वर्ष लगने वाले सूरजकुंड मेले के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। जिसमे सभी अधिकारियों को व्यवस्थाओं को ठीक करने व उचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए गए। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सभी एहतियातन कदम उठाने और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सूरजकुंड मेला न केवल देश मे बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। दुनियां के अलग अलग देशों के शिल्पकार, कला प्रेमी, कलाकार हरसाल फरवरी में लगने वाले इस अंतरराष्ट्रीय मेले में भाग लेने आते है और न केवल हरियाणा की संस्कृति से बल्कि भारत से भी रूबरू होते है।

यह मेला 4 फरवरी 22 से शुरू होकर 3 सप्ताह तक चलेगा। इसमे इस बार थीम राज्य के रूप में जम्मू और कश्मीर एवं थीम देश के रूप में ब्रिटेन सहभागी है।


## कोरोना को लेकर समीक्षा बैठक

(दिनांक 24.12.21)



**विषय: कोरोना को लेकर समीक्षा बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने कोरोना के नए प्रकार ओमिक्रोन के बढ़ते मामलों ओर प्रभाव को देखते हुए समीक्षा बैठक की जिसमे निर्णय लिया गया कि लोगों की सुरक्षा के लिए एक जनवरी 2022 से पब्लिक सेक्टर से संबंधित संस्थानों में एंट्री के लिए वैक्सिनेशन की दोनों डोज को अनिवार्य करने के साथ सार्वजनिक स्थलों



# साप्ताहिक सूचना पत्र

व अन्य कार्यक्रमों में 200 से अधिक लोगों के एकत्र होने तथा रात्रि में 11 बजे से प्रातः 5 बजे तक लोगों के आवागमन को प्रतिबंधित किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ओमिक्रॉन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए जरूरी है कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। वैक्सिनेशन की तरफ अधिक ध्यान दिया जाए। सभी लोगों को अपनी दोनों वैक्सिनेशन की डोज लेनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग कोविड मामलों से निपटने के लिए अपनी सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ले और जहां भी जरूरी हो, वहां पर आवष्यक प्रबंध सुनिष्चित किए जाएं।

## 134A की समीक्षा

(दिनांक 24.12.21)

**विषय: 134A की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने 134A के तहत गरीब बच्चो के होने वाले एडमिशन में आ रही दिकत्तों को लेकर बैठक की जिसमे अधिकारियों को उक्त समस्या के समाधान करने और इस साल बच्चों के एडमिशन सुनिष्चित करवाने के निर्देश दिए। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने माननीय मुख्यमंत्री जी ने इसके तहत स्कूलों को होने वाली पेमेंट और RTE के तहत प्राइवेट स्कूलों में किये जाने वाले 25% गरीब बच्चों के दाखिलों को भी ध्यान में रखते हुए 134A की समीक्षा कर इसका दायरा बढ़ाने और इससे ज्यादा से ज्यादा बच्चों को कैसे लाभ हो उस दिशा में सोचने का भी आदेश दिया। और साथ ही ऐसे अभिभावक जो गरीब नही है औऱ 134A का लाभ ले रहे है उनकी इनकम वेरिफिकेशन कराने औऱ जरूरतमंद बच्चों को ही इसका लाभ पहुचाने के लिए योजना बनाने के आदेश दिए।


## आज़ादी का अमृत महोत्सव

(दिनांक 24.12.21)




**विषय: आज़ादी का अमृत महोत्सव।**

**प्रभाव:** आज आज़ादी के अमृत महोत्सव की समीक्षा बैठक में माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अमृत महोत्सव को जन–जन व हर मन का पर्व बनाएं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी अमृत महोत्सव आयोजन समिति गठित करने के भी निर्देश दिए। जिसके तहत प्रदेश में 15 अगस्त 2023 तक व्यापक स्तर पर कार्यक्रम किए



# साप्ताहिक सूचना पत्र

जायँगे। इसमे व्यापक स्तर पर जनभागीदारी सुनिष्चित करते हुए अधिक से अधिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, ताकि प्रदेश की जनता में देश प्रेम की भावना और सुदृढ़ हो तथा उन्हें आजादी के महत्व व इसके लिए दी गई कुर्बानियों का आभास हो। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अमृत महोत्सव के कार्यक्रम भारत विजन–2047 की तर्ज पर हरियाणा विजन–2047 के अनुरूप आयोजित किए जाएं। इन कार्यक्रमों के आयोजन ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के साथ स्कूल, कालेज व विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, महिलाओं, किसानों, कामगारों आदि सभी की भागीदारिता के साथ सुनिष्चित किए जाएं। इसमें सरकार के साथ विभिन्न संस्थाएं, एनजीओ आदि भी शामिल की जाएं। भारत की आजादी में हरियाणा के वीरों का उल्लेखनीय योगदान रहा था और अनेक स्थान इसके साक्षी बने थे। इन सभी स्थानों को चिन्हित कर वहां पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। आजादी की लड़ाई में जिन परिवारों का योगदान रहा, उस परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया जाए। आजादी का अमृत महोत्सव के आयोजन के मद्देनजर जो वेबसाइट बनाई गई हैं, उस पर जनता द्वारा दी जाने वाली जानकारी, स्टोरी आदि अपलोड की जाएं और इस संबंध में अधिक से अधिक जानकारी संकलित कर वेबसाइट पर डाली जाए। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के सभी प्रचार टूल के साथ गांव स्तर पर व घर–घर तक आजादी के महोत्सव के संदेश पहुंचने चाहिए। साथ ही अन्य सभी विभाग भी आजादी के महोत्सव के तहत अपने कार्यक्रमों का आयोजन करें। इस महोत्सव के तहत जितनी अधिक जनभागीदारी होगी, इसके आयोजन का उद्देष्य उतना ही अधिक सफल होगा।

## सुशासन दिवस


**(दिनांक 25.12.21)**




**विषय: सुशासन दिवस।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय सुशासन दिवस के कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को याद किया जिनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ही सुशासन दिवस मनाया जा रहा है और साथ ही भारत रत्न श्री मदनमोहन मालवीय जी को भी याद किया जिनकी आज जयंती है।

माननीय मुख्य जी ने इस अवसर पर कहा कि



# साप्ताहिक सूचना पत्र




सुशासन कोई शब्द या तारीख़ नही है और न ही यह एक दिन चलने वाला कार्यक्रम है। यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया और हमारा सपना है जिसे हमारे नेताओं ने अपनी आंखों में संजोया था। और उसी सपने को पूरा करने के लिए हम निरंतर काम कर रहे है।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने पिछले 7 साल में हरियाणा के लोगो के लिए शुरू कि गई अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया और उनसे लोगो के जीवन मे आये परिवर्तन को बताया। इसमें मुख्यमंत्री जी ने ई–गवर्नेंस का महत्वपूर्ण योगदान बताया साथ ही परिवार पहचान पत्र को सुशासन की नई परिभाषा भी कहा।

इस अवसर पर विभिन्न सुशासन के कार्यो के लिए दिए जाने वाले पुरुस्कार भी प्रदान किये गए। जिसमे डायल 112 को उसके सर्वक्षेष्ठ योगदान के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर ऑउटसोर्स प्रथा को ख़त्म सीधे युवाओं को पारदर्शी तरीके से रोजगार देने के लिए कौशल रोजगार निगम के पोर्टल का उद्‌घाटन भी किया और सरकार के कार्यो को संकलित करने वाली सुशासन की पुस्तक का विमोचन भी किया।

इसके अलावा आर्म लाइसेंस के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया, गुरुग्राम में अटलबिहारी वाजपेयी जी के नाम पर पार्क बनाने और जनवरी महीने से राशन लेने के लिए राशन कार्ड की अनिर्वायता को ख़त्म कर PPP के माध्यम से राशन देने की भी घोषणाएं की।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने 2021 को सुशासन परिणाम दिवस मनाने की घोषणा की थी उसी तरह 2022 को उन्होंने अंत्योदय उत्थान वर्श के रूप में मनाने की घोषणा की और संकल्प लिया। और सभी को सुशासन दिवस की बधाई दी।